खबर संक्षेप

### 10 दिवसीय अभ्यास वर्ग का हो रहा आयोजन



**मण्डला।** भाग रेवांचल संभाग महाकौशल एकल अभियान अंचल मंडला अंतर्गत संच मोहगांव में 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जा रहा है इस अभ्यास वर्ग में कल षष्ठम दिवस भोजन उपरांत पंचम सत्र में अंचल समिति के सदस्यगण मण्डला से उपस्थित हुये सदस्यों में समिति अध्यक्ष आनंद सोनी तथा श्रीमती मीनाक्षी यादव अंचल महिला समिति सक्रिय सदस्य शामिल थे नवीन आचार्यो के इस वर्ग में प्रशिक्षण को लेकर नवीन कार्यकर्ताओं से व्यापक चर्चा की गई प्रशिक्षण को लेकर सभी आचार्यो ने इसे अपने जीवन का एक बेहतर एवं सुखद अनुभव बताया सुबह 3:30 बजे उठना और फिर नित्य क्रिया के बाद योग करना शाखा में शामिल होना व्यायाम करना आदि ऐसे अनुभव थे जो हम अपने आगे की जीवन शैली में इसे अपनाते रहेंगे। ब्रम्ह मुर्हुत में जागने के क्या फायदे हैं यह हमने जाना प्रशिक्षण सत्र के दौरान ही विभिन्न धार्मिक त्यौहार भी पड़े इन त्यौहारों का सभी आचार्यो ने मिलकर उत्सव मनाया जन्माष्टमी भी यही प्रशिक्षण भवन में मनाई गई सभी आचार्यो में मिलकर एकल के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के साथ कृष्ण भक्ति की और फिर बौद्धिक के दौरान योगेश्वर श्रीकृष्ण की लीला पर विचार विमर्श भी हुआ। प्रशिक्षण के बाद किस तरह एकल अभियान के अंतर्गत हमें ग्राम में पंचमुखी शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है इस पर भी गंभीरता से चिंतन किया गया। सभी नवीन आचार्य एक अच्छे वातावरण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और सभी उत्साही नजर आ रहे हैं यह प्रशिक्षण के आयोजन की सफलता को प्रमाणित करता है।

## प्रशासनिक ढील और लचर व्यवस्था ने छीनी आदिवासी बेटी की सांसें

# नाचती-गाती छात्रा आखिर कैसे चल बसी

*** तीन दिन बाद भी तय नहीं, घटना का जिम्मेदार कौन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

निवास के पास स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा शिल्पा मरावी अब हमारे बीच नहीं रही। जबलपुर में इलाज के बाद उसे नागपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिले में मंत्री,सांसद, विधायक, और अन्य आदिवासी नेताओं के रहते पनपे भ्रष्ट तंत्र से यह सिर्फ एक बच्ची की ही मौत नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध बेरुखे शासन प्रशासन की लापरवाही की शर्मनाक मौत है।

उक्त मामले की फौरी पड़ताल में छात्रावास पहुँचे अधिकारियों की आंखों में आंखे डालकर एक प्राचार्य पति घटना पर सुप्रबंधन की दुहाई देता रहा और फिर मामला बिगड़ता देख अपनी कार से भाग गया, पर किसी भी अधिकारी ने इससे ये पूछने की हिमाकत नहीं की कि तुम यहाँ किस हैसियत से गधे की सींग दिखाई दे रहे हो, और न ही इस पर अभी तक कोई कार्रवाई ही की गई है, जबकि प्रभारी प्राचार्य खुद बयान दे रहीं हैं कि प्राचार्य की अनुपस्थिति में प्राचार्य पति ही छात्रावास का प्रबंधन सम्हालते हैं।






ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस के दिन छात्रा को बुखार के साथ बेहोशी की स्थिति में निवास स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, उक्त घटना की जानकारी मिलते ही गोंगपा के नेता निवास थाना पहुँचकर अधिकारियों से सिस्टम में सुधार और पीड़ित परिजनों के सदस्य को नोकरी दिये जाने व भविष्य में इस तरह की घटना न होने की लिखित मांग कर रहे थे, जिस पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि ये केंद्र सरकार का काम है गारंटी हम नहीं दे सकते व्यवस्था में सुधार जरूर होगा।




शिल्पा मरावी

वहीं इस बीच निवास से कांग्रेस विधायक चैनसिंह बरकड़े और गोंगपा युवा नेताओं के बीच काफी गर्म बातचीत होती रही और गोंगपा के प्रश्नों का अधिकांश जवाब प्रशासन की जगह विधायक देते रहे।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम निवास सीएल वर्मा की अध्यक्षता में जांच दल बनाया गया है। इसके अलावा प्रशासन द्वारा विभागीय जांच शुरू होने की जानकारी भी मिली है।

पोस्टमार्टम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, स्थानीय विधायक चैन सिंह वरकड़े और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सभी ने साफ कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए, कार्रवाई न होने की दशा में आंदोलन की चेतावनी भी दी है। पोस्टमार्टम के बाद शिल्पा का अंतिम संस्कार ग्राम भलवारा में किया गया। पूरे गांव में गहरा शोक व छात्रावास प्रबंधन सहित प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ आक्रोशित वार्तालाप सुनने को मिला।

### गेट बंद कर सच छिपाया गया

पहले ही खुलासा हो चुका है कि बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर विद्यालय का गेट घंटों बंद रखा गया। यह सवाल अब और गंभीर हो गया है कि आखिर इतने समय के बाद भी किसी की जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हुई?

बच्चों की तबीयत बिगड़ने के तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन ना तो किसी कर्मचारी या अधिकारी पर कार्रवाई हुई, ना ही जिम्मेदारी तय हुई। यह मौत स्पष्ट संदेश है कि लापरवाही और उपेक्षा किस हद तक पहुंच चुकी है।

शिल्पा की मौत ने पूरे आदिवासी समाज को हिला दिया है। अब उन पालकों के मन में भी प्रश्न है कि वे अपने बच्चों को छात्रावास में किसके भरोसे छोड़ें। सभी लोग एक स्वर में अब मांग कर रहे हैं कि दोषियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। इस दर्दनाक घटना से यह साफ हो गया है कि सिर्फ संवेदनशील बयान देने या आर्थिक सहायता देने से न मासूमों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, न भरोसा पैदा होगा।

### व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल

एकलव्य विद्यालय में बच्चों की तबीयत बिगड़ने और स्वास्थ्य संकट के बावजूद स्कूल प्रबंधन की लापरवाही लगातार जारी रही है, जबकि मामले में प्राचार्य के पति के अनाधिकृत हस्तक्षेप पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, और इस पूरी स्थिति ने स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है, जो न केवल बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताते हैं, बल्कि अब जिम्मेदार अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन से तत्काल जवाबदेही और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि ऐसी घटनाएँ भविष्य में दोबारा न हों।

### इनका कहना है :-

*छात्रावास में निवासरत कोई भी बच्चा अगर बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचता है, तो यह एक गंभीर लापरवाही और जिम्मेदारों की गलती है। जो भी दोषी हों उनपर कार्रवाई होना चाहिए।*

**-डॉ. अशोक मर्सकोले, कांग्रेस, जिलाध्यक्ष**

*निष्पक्ष जांच करके दोषियों पर कार्रवाई हो। हम सभी के माध्यम से सांसद के द्वारा पीड़ित परिवार को 50 हजार त्वरित सहायता राशि उपलब्ध करवा दी गई है।*

**-आकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष, भाजपा**

*शासन प्रशासन के द्वारा उच्च स्तरीय जांच दल मेरी अध्यक्षता में गठित किया गया है। नियमानुसार जो भी सहयोग होगा पीड़ित परिवार को दिलवाया जाएगा।*

**-सीएल वर्मा, एसडीएम, निवास**

*जिला स्तर से गठित टीम के द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।*

**डॉ. डीजे मोहन्ति, सीएमएचओ, मंडला**

## घुघरी जनपद के ग्राम छतरपुर में हैंडपंप बना बीमारी का कारण, पंचायत रही मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी

घुघरी जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम छतरपुर में पंचायत और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण देखने को मिला। गांव के प्राथमिक शाला, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन और समिति कार्यालय के पास लगा हैंडपंप एक वर्ष से अधिक समय से फरसकरण के बिना उपेक्षित पड़ा रहा। नतीजा यह हुआ कि ऊपर से गंदा पानी सीधे हैंडपंप में जाने लगा और ग्रामीणों तथा बच्चों को दूषित पानी पीना पड़ा। जिससे बीमार पड़ने का खतरा बढ़ने लगा उसी को देखते हुए ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। आखिरकार आज 18 अगस्त 2025 को ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और चंदे से खुद ही हैंडपंप की मरम्मत शुरू की।



इस कार्य में गांव के लोगों ने खुलकर सहयोग दिया। संजय खान, गोलू खान, सुधीर उईके ने एक-एक बोरी सीमेंट दी। नरेश यादव, संतलाल यादव, केशव साहू, ऐसू साहू ने भी सामग्री दी। तिवारी साहू ने मिक्सर मशीन उपलब्ध कराई। वहीं विक्कू साहू, राय सिंह मरकाम, दीप नारायण मरावी, बबलू साहू, गणेश विश्वकर्मा, पत्तों बाई, फुलची बाई, अनीता बाई, फूल बी और अन्य ग्रामीणों ने श्रमदान व सामग्री देकर काम पूरा किया।

गांव के लोगों ने कड़ा आक्रोश जताते हुए कहा कि पूरी पंचायत बॉडी मौजूद होते हुए भी किसी भी जनप्रतिनिधि ने 10 रूपये तक का सहयोग नहीं दिया। यह ग्रामीणों की एकजुटता और जिम्मेदारी का परिणाम है कि अब हैंडपंप ठीक हो रहा है और स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा।

ग्रामीणों का सवाल है कि जब आम जनता को अपनी समस्या खुद हल करनी पड़ रही है, तो पंचायत और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी का क्या मतलब है? क्या उनका दायित्व केवल नाम तक सीमित रह गया है।

## समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जुलाई माह की ग्रेडिंग अगले 2 दिन में तैयार हो जायेगी। इस अवधि में विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर विशेष फोकस करें। इसके साथ ही 50 दिवस से अधिक लम्बित अवधि वाली शिकायतों को भी निराकृत करायें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के प्रस्तावित मण्डला दौरे की तैयारियों के लिए सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक तैयारियां किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विदित है कि राज्यपाल श्री पटेल का आगामी 19 एवं 20 अगस्त को मण्डला प्रवास प्रस्तावित है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित समस्त बीएमओ को निर्देशित करते हुए जिले में संचालित सभी आवासीय हॉस्टल्स में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त साफ-सफाई, मच्छरदानी, खिड़कियों पर जाली आदि लगाने के लिए भी बैठक में निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** | **नगर परिषद के विनोद रंगमंच में हुआ आयोजन।**

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

*** जनपद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

प्रातः से ही स्वतंत्रता दिवस पर हर संस्थाओं और नागरिकों में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। तहसील मुख्यालय का मुख्य समारोह रामलीला मैदान विनोद रंगमंच में जनपद अध्यक्ष सगुना उइके ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। विधायक नारायण सिंह पट्टा कार्यक्रम में अतिथि थे। भारत माता के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित, पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों एवं मंचासीन नागरिकों के स्वागत उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार जन में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष जोश सिंह ठाकुर, दादूलाल जंघेला का साल श्रीफल से सम्मान किया गया।

शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर स्कूल को प्रथम पुरस्कार, दृतीय पुरस्कार जी एस इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र को नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार माडल स्कूल विद्यालय को, दृतीय पुरस्कार कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय को, तृतीय पुरस्कार विद्या ज्योति विद्यालय को अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक आसीत लोध ने एवं आभार प्रदर्शन अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री मति सोनाली देव ने किया।



कार्यक्रम में पूर्व विधायक झल्लू लाल तेकाम, समाजसेवी डॉ विजय आनंद मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर रानू राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, अजयपुरी गोस्वामी, शशि कांत श्रीवास्तव गणमान्य नागरिक, पार्षद गण, जनप्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर के अनेक संस्थाओं में हुआ ध्वजा रोहण

नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी ने ध्वजारोहण किया कृषि उपज मंडी में ध्वजा रोहण सचिव कन्हैया सिंह मरकाम की उपस्थिति में भारसाधक अधिकारी श्रीमती सोनाली देव (IAS) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, कांग्रेस कार्यालय में विधायक नारायण सिंह पट्टा ज्योसिंह ठाकुर की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने ध्याजा रोहन किया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्यों का सम्मान किया भाजपा कार्यालय में भूत पूर्व विधायक झल्लू लाल तेकाम समाजसेवी डॉ विजय आनंद मरावी ने ध्वजा रोहण किया बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित बिछिया में सहायक लैंप्स प्रबंधक सुश्री शिल्पी राऊत की उपस्थिति में प्रशासक शशि ठाकुर ने ध्वजा रोहण किया सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने ध्वजा रोहण किया, जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष सकुना उईके ने ध्वजा रोहण किया पुलिस थाना में थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ने ध्वजा रोहण किया ब्लाक एजुकेशन ऑफिस में BEO कुलदीप कटहल ने ध्वजा रोहण किया।

## प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल का मंडला आगमन 20 अगस्त को

**मण्डला।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का बुधवार को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे जबलपुर से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रातः 9:30 बजे मंडला पहुंचेंगे। इसके पश्चात प्रातः 10:15 बजे राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के साथ मंडला में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम उपरांत दोपहर 1:30 बजे सर्किटहाउस मंडला आएंगे। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे मंडला से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नाबालिग बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला पुलिस द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की रिपोर्ट पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाब के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में मंडला पुलिस द्वारा थाने में प्राप्त अलग अलग प्रकरणों में टीम देश के अलग अलग राज्यों में भेजे गए जिसमें टीम द्वारा तकनीकी दक्षता एवं कार्यकुशलता का परिचय देते हुए इस वर्ष में पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान एवं दस्तयाब हेतु विशेष अभियान चलाकर 141 नाबालिक बालक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपे गए। इसी अभियान के तहत थाना निवास पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निवास निरीक्षक वर्षा पटेल के नेतृत्व में टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना किया गया जिसमें सहायक उप निरीक्षक धनपाल बिसेन एवं उनकी टीम शामिल रहे। टीम द्वारा थाना निवास के धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरण की गुम/अपहृत 1 नाबालिक बालिका को जलगांव महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया। इसी प्रकार थाना निवास के 04 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। गुम इंसान क्रमांक 34/25 की बालिका को भुसावल से, 18/25 की गुम इंसान को नागपुर से, 29/25 की गुम इंसान को जबलपुर से, 30/25 की गुम इंसान को टेमरी नागपुर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं पुलिस टीम द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 107, 64 के आरोपी को पूना महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही एसडीओपी निवास के निर्देशन में थाना प्रभारी निवास निरीक्षक वर्षा पटेल, सउनि धनपाल बिसेन, आर. सिध्दार्थ आरसे, आर. सूर्यचन्द्र बघेल एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### विद्युत लाईनों के रख रखाव में बरती जा रही उदासीनता का परिणाम भोग रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। इस समय देखा जा रहा है कि जहां बिजली विभाग द्वारा शहर से लेकर ग्रामवासियों को मन माफिख बिल देते हुए महगांई के दौर में उनकी घरों के बजट को विगाड़ते हुये उत्सह को तो फीका कर दिया गया है। मगर वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बिजली कटौती की जा रही है उसके चलते लोगों को मुश्किल में डाल दिया गया है। बताया जाता है कि इस समय शहर से लेकर गॉवो में जिस प्रकार से बिजली की ऑख मिचौली चल रही है, उसके चलते लोग परेशान हो रहे है तो वही दूसरी ओर बच्चें अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कह दिया जाता है कि अचानक बिजली लाईन में खराबी आ जाने के कारण बंद हुई है सुधार कार्य चल रहा है। जबकि गौर किया जावे तो बारिश शुरू होने के पूर्व बिजली विभाग द्वारा सुधार के नाम पर संपूर्ण नगर की बिजली बंद रखी गई थी, और कहा गया था कि अब बारिश के दौरान लोगों को बिजली की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा, मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि प्रतिदिन दिन रात में अनेकों को बार बिजली अचानक बंद हो रही है, जिससे बिजली विभाग द्वारा पूर्व के समय में किये गये सुधार कार्य को लेकर जहां अनेक सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर यह सबाल भी उठ रहा है कि आखिर में किस प्रकार से सुधार हुआ था जिसके चलते अब बारिश के समय में लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो जरा सा पानी गिरते ही बिजली बंद हो रही है। अब सबाल यही पैदा हो रहा है कि क्या बिजली सुधार कार्य के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई थी या फिर शासन के पैसा की होली खेली गई थी? इस प्रकार से बिजली की आंख मिचोली के चलते सर्वधिक परेशानी नगर के उन रिहाईशी इलाकों के निवासियों को हो रही है, जहां पानी की सप्लाई नलकूपों के माध्यम सें की जाती है। इन इलाको में बार बार बिजली बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस प्रकार से लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती को लेकर नागरिको का कहना है कि शाम ढलने के साथ ही बिजली की ऑख मिचौली शुरू हो जाती है जो लगभग सारी रात व दिन में भी जारी रहती है..?

### विकास की बाट जोहते हुए क्षेत्र के अनेक गांव बारिश के दौरान पहुंचना हो जाता है मुश्किल

हरिभूमि न्यूज/ सिंहपुर छोटा। भले ही केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए देश से लेकर प्रदेश व शहरों से लेकर गांवों का विकास कराने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है और आये दिन नेताओं को भी क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने की बात कहते हुए सुना जाता है, मगर इसके बाद जब विकास की सच्चाई पर गौर किया जाता है तो संपूर्ण सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही चूक पाती है, जब ग्रामीणों को कीचड़ के बीच से गुजरकर अपने घरों को जाने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों की देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि चीचली से चंद कदम दूरी पर स्थित इस प्रकार को पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क का आभाव होने के कारण जरा सी बारिश के चलते लोगों को अपने गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है।



प्रशासन की इस तरह से अनदेखी करती है हौसले बुलंद..

# नगर में ओवर ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के पहले ही अतिक्रमणकारियों ने पुल के नीचे जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर में शासकीय भूमि से लेकर मुख्य सड़को के किनारे फैले हुये अतिक्रमण की सच्चाई किसी से छिपी नही है और इसी का परिणाम है कि नगर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है तो दूसरी ओर आये दिन घटित होने वाली दुर्घटनाओं में अतिक्रमण का कारण प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूकता है..? वही दूसरी ओर समय समय पर प्रशासन की टीम द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम तो छेड़ी जाती है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाती है। इस तरह शासकीय भूमि पर होने वाली अतिक्रमण की सच्चाई को प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जाता है उसका ही परिणाम है कि अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पाते है। नगर में सरकारी भूमि पर नियम विरूद्व फैले हुये अतिक्रमण की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन से पलोटन गंज की ओर आता है बीटीआई स्कूल के समीप कुछ साल पहले तत्कालीन एसडीएम राजेश शाह द्वारा विद्युत कार्यालय के सामने अतिक्रमण हटवाया गया था। मगर यहां पर खाली हुई सरकारी भूमि को प्रशासन द्वारा सुरक्षित नही किये जाने का परिणाम है कि एक एक करके यहां पर अतिक्रमण के रूप में ठेले जमते गये और वह पक्के दिखाई देने लगे है। कुछ इसी प्रकार का हाल शहर के सरकारी अस्पताल के पास का देखा जा रहा है जहां पर लगभग दो साल पहले बडे स्तर पर अतिक्रमण हटाते हुये खाली हुई जमीन को तारबाडी से सुरक्षित किया गया था। मगर अतिक्रमणकारियों द्वारा उस तार बाड़ी को को काटते हुये अपने टपरे स्थापित करते हुये पूर्व की तरह अपने कब्जें में करते हुये सूरत बदलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि अधिकारियों द्वारा समय पर शासकीय भूमि की सुरक्षा को नजर अंदाज किये जाने इस अतिक्रमणकारियों के हौसले सातवे आसमान पर पहुंचने से नही चूक पाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के गाडरवारा से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग रेल्वे गेट के पास दिखाई देना शुरू हो गया है। यहां पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुये बीते हुये कई सालो से ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। यह कार्य पूर्ण कब होगा पूरा होने के बाद यह ब्रिज कितने दिनों तक सुरक्षित रहेगा इसका तो किसी को भरोसा नही है..? मगर निर्माणाधीन ब्रिज के नीचे जिस प्रकार से अधिक्रमण कारियों द्वारा अपने टपरे जमाते हुये कब्जा किया जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? क्योंकि इस मार्ग से आये दिन चीचली जाने आने के दौरान राजस्व विभाग के स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को आते जाते देखा जाता है। मगर यहां पर हो रहे इस अतिक्रमण की अनदेखी जहां अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर जिस प्रकार से निर्माणधीन ओबर ब्रिज के नीचे अतिक्रमण करते हुये संचालित होने वाले कारोबार की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी। क्योंकि सही मायने में देखा जावे तो निर्माणधीन ओबर ब्रिज के नीचे आसामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। यहां पर देर रात कि संचालित होने वाले दुकानों के चलते तहां तत्वों का जमाड़ा होने के चलते इस मार्ग से क्षेत्र के लोगों को निकलने में दहशत दिखाई देने लगी है तो दूसरी ओर इस निर्माणाधीन ब्रिज के आसपास





निवास करने वाले रहवासियों का रात के समय अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुये देखा जा रहा है..? जनचर्चाओं के अनुसार बताया जाता है कि यहां पर खुलेआम देर रात तक मादक पदार्थो का व्यपार संचालित होना आम बात हो चुकी है। इन चर्चाओं की सच्चाई पर पुलिस थाने का रिकार्ड भी अपनी मुहर लगाने से नही चूक रहा है। क्योंकि पूर्व के समय में जिस तरह पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के कारोबारियों को पकड़ने में सफलताये हासिल की गई थी उसमें घटना स्थल के रूप में इस क्षेत्र यानि की चीचली रेलवे गेट का उल्लेख खुलकर सामने आते हुये देखा गया है..? ज्ञात हो कि इस मार्ग से क्षेत्र के अनेक गांवों के लोगों को देर रात परिवार के साथ निकलना हुआ है। क्योंकि रात के समय आने वाले ट्रेनों के यात्री चीचली क्षेत्र के अनेक गांवों रात के समय जाने में अब दहशत के बीच निकलते हुये देखे जाने लगे है। यहां पर लगातार फैल रहे अतिक्रमण की सच्चाई को लेकर

**जिम्मेदार अधिकारियों की खमोशी इन लोगों को सह देने जैसी प्रतीत होने से नही चूक पा रही है.. ?**

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ उन्हें धार्मिक आयोजनो से अवगत कराने के लिये नगर का दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल सदा ही अग्राणी रहता है। इस शिक्षण संस्था द्वारा शायद ही ऐसा कोई त्यौहार शेष रहता हो जो अपनी संस्था में आयोजित करते हुये बच्चों को धार्मिक कार्यक्रमों से अवगत न कराया जाता हो..। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जन्माष्टमी महोत्सव भी संस्था में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बताया जाता है कि नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भगवान श्री बलराम जन्मोत्सव के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिया देते हुये जहां सभी का मन मोह लिया गया था। वही श्री कृष्ण एवं श्री बलराम की महिमा पर विभिन्न नाटक एवं श्लोको के माध्यम से प्रभु के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नगर के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल भारतीय संस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था की चेयरमैन श्रीमती राखी राजपूत, डायरेक्टर ठा. प्रशांत सिंह राजपूत आईटीआई प्राचार्य वीरेंद्र सिंह राजपूत के आलवा स्कूल प्रचार्या श्रीमती कल्पना पटेल, कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका छीपा द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुये भगवान श्रीकृष्ण का पूजन अर्जन किया गया। इसके उपरांत श्री लड्डू गोपाल का पूजन एवं आरती करने के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस दौरान संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चे श्री राधा कृष्ण एवं श्री बलराम के परिधान में मंच की शोभा बढ़ा रहे थे। इस दौरान संस्था की शिक्षिका सुश्री रागिनी शर्मा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं श्री बलराम जन्मोत्सव का महत्व से अवगत कराया गया। वही दही हांडी मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाराणा प्रताप आई टी आई के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह राजपूत, प्रशिक्षण अधिकारी रविशंकर पटेल, सुश्री संगीता राजपूत, सुश्री निकिता पिपरोनिया, कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेन्द्र राजपूत, खुशबू राजपूत एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कल्पना पटेल, कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका छीपा, श्रीमती प्रिया तिवारी, श्रीमती मुनमुन सराठे, श्रीमती आरती छीपा, श्रीमती पूजा पचौरी, सुश्री मनीषा सोनी, सुश्री आरती तिवारी, सुश्री सोनाली कौरव, सुश्री रागिनी शर्मा, सुश्री स्नेहा प्रतवानी, सुश्री रत्ना गुर्जर, सुश्री रश्मि पाली, सुश्री नीतू चढ़ार, कृष्णा पराशर, शिवाजी राजपूत, सुश्री कीर्ति विश्वकर्मा, सुश्री रिसेप्शनिस्ट सुश्री दीपिका सोनी के आलवा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी स्टाफ से दिलीप रजक, गोपाल मेहरा, बंटी नौरिया, राकेश दुबे, कुलदीप साहू, संतोष साहू, दुर्गा कोरी, सुनीता कोरी, मीना कोरी, सविता विश्वकर्मा, मनीषा कोरी, राजकुमारी, लक्ष्मी कहार, कलावती गोलंदाज, रंजीत राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जश्ने ताजुल औलिया उर्स का हुआ शानदार आयोजन, देश भक्ति कब्बालियों पर झूम उठे श्रोता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा





शहर के श्याम टाकीज के सामने हजरत सैयद मोहम्मद बाबा ताजुद्दीन जश्ने ताजुल औलिया उर्स व तकिया मुबारक जियारत का आयोजन दीवाना ए ताजुल औलिया कमेटी द्वारा किया गया। बताया जाता है कि इस मौके पर मशहूर फनकार हाजी मुकर्रम अली वारसी भोपाल ने अपने कलाम पेश किये तथा उर्स का आगाज बाबा ताज के तकिया मुबारक पर फातेहा दुआ के साथ नागपुर से आये हुए खादिमो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन नगर सांप्रदायिक सद्भावना की मिशाल है। क्योंकि नगर की परम्परा रही है कि सभी लोग एक दुसरे के धार्मिक आयोजन में शामिल होकर मनाते है वह आज भी देखने मिल रहा है। वही आयोजन कमेटी ने जश्ने सरकार ताजुल औलिया का आयोजन कर सद्भावना का पैगाम दिया है । नागपुर के खादिमो व कब्बाल मुकर्रम वारसी का नगर की ओर सम्मान कर आयोजको को भी बधाई देता हूं। वही भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा ने संबोधित करते हुए ओशो की धारा पर बाहर से आए हुए कव्वाल एवं खादिमो को बताया कि नगर में माँ खेरापति का मंदिर व चांदशाह वली की दरगाह एकता का प्रतीक है एक ही सीढ़ी से चढ़कर जाना पड़ता है। वही उर्स के आयोजन की सभी को मुबारकबाद देता हूं । वही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एडवोकेट एच व्ही रफीक, नगर पालिका सभापति सुरेंद्र गुर्जर, शुभम सुनील राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उमेश नीरस, पूर्व पार्षद हर्ष पाठक, लखन पटेल, सत्तार खान, मनोज राय, अशोक राजपूत, मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अहमद शाहमीरी खुर्रम अध्यक्ष जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, मेहमूद पहलवान, अवधेश रुसिया, रतनदीप जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थें। देर रात तक चले कब्बाली के कार्यक्रम में कब्बाल ने अपने कलामों से श्रोताओं का दिल जीत कर बहुत वाहवाही लूटी सरकार ताजुल औलिया की शान में पेश किये गए कलामो ने देर रात तक समा बांधे रखा । देश भक्ति कब्बाली पर श्रोता झूम उठे, सांप्रदायिक सद्भावना पर भी कब्बाली पेश की गई। इस कार्यक्रम का संचालन अब्दुल फिरोज खान बबलू ने करते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने आयोजन कमेटी का हौसला बढ़ाया है। नागपुर से आये हुए खादिमो ने दस्तार बन्दी कर आयोजन कमेटी को बाबा ताजुल औलिया के तुगरे दिये। उर्स के मौके पर बाबा ताजुद्दीन औलिया के तकिया मुबारक की जियारत करने के लिए जायरीनों को मजमा लगा रहा।

### चार पहिया गाड़ी की चपेट में आने से हुई बछड़ा की मौत, हिन्दू संगठनों द्वारा उठाई कार्यवाही की मांग



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब चार पहिया वाहन को चलाया जाता है तो चालक द्वारा की जाने वाली अनदेखी कही जावे या फिर लापवाही के चलते मूक पशुओं की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार को नगर की पुरानी गल्ली मंडी में उस समय देखने मिली जब जमीन पर बैठे हुये एक बछड़ा के ऊपर चार पहिया गाड़ी को चढ़ा देने के कारण बछडा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिल मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में गाड़ी नंबर MP49C4482 के चालक द्वारा अपनी गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुये बछड़े के ऊपर चढ़ाये जाने के कारण जहां उसकी मौके पर मौत हो गई। वही घटना को लेकर मौजूद लोगों में आक्रोश पैदा होने से नही चूक रहा था। वही हिन्दू संगठन के लोगों द्वारा कार्यवाही की मांग उठाये जाने पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों द्वारा जहां घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी को तुरंत पुलिस थाने लग गये। वही दूसरी ओर नगर पालिका की सफाई विभाग की टीम ने घटना में मृत हुये बछड़े को मौके से हटाया गया।

## एनटीपीसी में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित हुआ रंगारंग उत्सव

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** समीपस्थ एनटीपीसी पावर प्लांट में कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा शानदान प्रस्तुति प्रदान करते हुये हुये लोगों को धर्म की गंगा में गोता लगाने के लिये मजबूर कर दिया था। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे नन्हे-मुन्ने बच्चों की कृष्ण-राधा पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और उनके मनमोहक नृत्य के आलवा बाल गोपाल के स्वरूप में सजे बच्चों ने अपनी अदाओं और भावभंगिमाओं से दर्शकों का मन मोह लिया। वही जन्माष्टमी के अवसार पर महिलाओं के लिए आयोजित मटकी सजावट प्रतियोगिता में रंग-बिरंगी और कलात्मक मटकियों ने सभी को आकर्षित किया। वहीं पुरुषों और बच्चों के बीच हुई मटकी-फोड़ प्रतियोगिता ने पूरे आयोजन को उत्साह और रोमांच से भर दिया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि श्याम कुमार एनटीपीसी गाडरवारा, श्रीमती प्रीति कुमार अध्यक्षा अवनी महिला मंडल सहित शुभासिस बंद्योपाध्याय, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के आलवा अन्य लोग मौजूद रहे।






### शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते गांवों में स्थिति पांरपारिक जल स्रोतों का अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से मिट रहा नामोनिशान?



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इसे मॉ नर्मदा की कृपा का फल ही माना जाए कि शहर एवं क्षेत्र के गॉवों में वर्ष भर लोगों को भरपूर पानी नसीब होता रहता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गॉवों में भी नल जल योजना के तहत बनीं पानी की टंकियों के निर्माण होने से ग्रामो के निवासियों को कम ही पानी के लिए हायतौबा मचाने विवश होना पड़ता है? लेकिन जिस तरह विवाह के बाद दूल्हे की मौर नदी में विसर्जित कर उसे भुला दिया जाता है। उसी तरह इस समय देखा जा रहा है कि लगता है शासन-प्रशासन के साथ क्षेत्रवासियों ने उन प्राचीन कुओं, तालाब व बावाड़ियों की सुध बिसराना शुरू कर दिया गया है। जिनके जरिए वर्षो पूर्व प्यासे हजारो कंठ तृप्त होते रहे है। ज्ञातव्य है कि नगर ही नही क्षेत्र के कई गांवों में परम्परागत जल स्त्रोतो की उपेक्षा होने से उनका नामो निशान लगातार मिटता चला जा रहा है? हकीकत यह है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में अनेक जगहों पर कई एकड़ भूमि के तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ने के कारण एक तलैया के रूप में दिखाई देने लगे है। वही दूसरी कुछ इसी प्रकार का हाल गांव के वर्षो पुराने कुंआ का देखने मिल रहा है जिस पर लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये उसके ऊपर लकड़ी रेखते हुये गंदगी फैलाई जा रही है या फिर मवेशियों को बांधते हुये उसकी सुन्दरता को ग्रहण लगाने से भी नही चूक पा रहे है, जिसके चलते इस प्रकार से वर्षो पुराने पूज्यनीय माने जाने वाले यह परम्परागत स्रोत अपने आसितत्व को बचाने के लिये खुदे ही जूझते हुये देखे जा रहे है? उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के अनुभवी बुजुर्ग अभी भी चाहते है कि कुंआ व तालाब सलामत रहे मगर विडम्बना की बात है कि प्रशासन के साथ साथ स्वयं सेवी संस्थाएं पारंपारिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा के मामले में उदासीन बनी हुई है? इस संबंध में हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि पर्याप्त पानी मिलने के दौरे में यह बात चिंता जनक है कि पारंपारिक जल स्त्रोतो की तरफ ध्यान न दिया जा रहा है, यदि वर्तमान में देखा जावे तो जरूरत इस बात की है कि इन परम्परागत जल स्त्रोतो को चिन्हित कर इनकी दशा में बदलाव लाने की पहल करना अति जरूरी हो गया है। क्योंकि इस प्रकार से पारंपारिक जल स्रोत के अनदेखी करना पूर्णरूप से अनुचित है? मगर जिस प्रकार से शासन प्रशासन से लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा इन पुराने जल स्रोत की अनदेखी कर रहे है, वही लोगों द्वारा अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित करने से भी नही चूक रहे है, इस बात की सच्चाई इस समय ग्राम के कुआ में देखने मिल रही है इस वर्षो पुराने के में आज भी पानी है मगर उसकी ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण वह पानी गंदा हो चुका है, यदि इस कुंआ में सुधार किया जावे तो यह क्षेत्र की धरोहर माने जाने वाले परम्परागत जल स्रोतों की फिर से सूरत बदली जा सकती है और वह आमजन के लिये उपयोगी साबित हो सकते है?

### घर के सामने सटक डालने की बुराई को लेकर महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के विवेकानंद वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पडौस में रहने वाला राजा सेन घर के सामने से पानी की शटक डाल रहा था तो प्रार्थिया द्वारा कहा की शटक इस तरह डालना की आने जाने में परेशानी न हो इसी बात की खुनस के चलते बीते हुये दिवस आरोपी राजा सेन द्वारा महिला के घर के सामने पहुंचकर गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया गया। जब प्रार्थिया के पति द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा पति के साथ झूमा झटकी करते हुये प्रार्थिया के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## मेहरा समाज महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कोई भी समाज हो या फिर संस्था उसके संगठन में जिस तरह की मजबूती देखी जाती है तो समाज में फैलने वाली बुराईयों पर अंकुश लगाने में सफलता जरूर मिलती है। इसी के चलते बीते हुये दिवस मेहरा समाज के शपथ ग्रहण समारोह में सामाजिक बुधंओं में एकजुटता देखने मिली। नगर के राजवंश होटल में आयोजित मेहरा समाज महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झरिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एम के दास, प्रांतीय अध्यक्ष बाल दास दरिया एवं कमला बुआ उपस्थित रही 1 राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झरिया के द्वारा मानसिंह मेहरा को जिला अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई । इसी के साथ अधिवक्ता गोपाल प्रसाद मेहरा ने उपाध्यक्ष, नारायण प्रसाद मेहरा महासचिव, नर्मदा प्रसाद मेहरा संयुक्त सचिव, दशरथ मेहरा कोषाध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी के परिवार सिंह मेहरा, हरीश मेहरा, पंचम मेहरा, अमित मेहरा, आकाश मेहरा, रेशम सिंह मेहरा ने भी समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करने की शपथ ली गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मानसीग मेहरा ने कहा कि समाज को भारत के संविधान द्वारा प्रदायअधिकारों के प्रति जागरूक करना है तथा मताधिकार का प्रयोग सही तरीके से करने के लिए भी तैयार करना है। इस दौरान उन्होंने बताया की जिले में मेहरा समाज की संख्या 235000 के लगभग है। यदि सही तरीके से मतदान करने लगे तो सभी राजनीतिक दल हमारी अपेक्षा नहीं कर पाएंगे 1 राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने भवन निर्माण के विषय में जरूरी जानकारियों से अवगत कराया गया। वही बाल दास डेहरिया ने कानूनी जानकारी प्रदान की गई। श्रीमती कमला ने महिलाओं को संगठन के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष दशरथ डेहरिया ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

**न्यायालय, श्रीमान, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड गाडरवारा**
**(श्री अजय सिंह यादव)**
**दुजिया बाई.......आवेदिका**
**बनाम**
**सर्वसधारण.......**
प्रे. स. न. 217/2025
प्र.क्र. MJC SUC - 8/2025
**तारीख आ.-05/08/2025**
**तारीख पेशी - 03/09/2025**
**इश्तहार आम जनता को सूचना बावत्**
इस न्यायालय में दुजिया बाई उम्र 59 वर्ष पत्नि स्व. फूलसिंह मेहरा निवासी ग्राम अर्जुनगांव तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र. ) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम बाबत् अपने पुत्र कृष्ण कुमार की बीमा की राशि पाने हेतु प्रस्तुत किया गया है जिसका प्र.क्र. MJC SUC है जिसमें सर्वसाधारण को इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनॉक 03.09.2025 को समय सुबह 11 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित हो, आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। यदि पेशी दिनॉक 03.09.2025 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते या शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकारण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी। आज दिनॉक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
गाडरवारा
दिनांक-11/08/2025
(अजय सिंह यादव)
सील
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र. )

## खबर संक्षेप

### शामावि कन्या बस्ती में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती, अनूपपुर में शासन के निर्देशानुसार 16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में शिक्षिकाएँ सविता प्रजापति, शैल शर्मा एवं एस. स्वाती राव द्वारा विद्यार्थियों की सहायता से आकर्षक झांकी तैयार की गई। मंच पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में संकुल प्रभारी अजय कुमार जैन मुख्य अतिथि एवं चैतन्य मिश्रा, लक्ष्मण राव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, अभिभावक व अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने राधाद्कृष्ण की झांकियाँ, गीत और रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर सभी को भावविभोर कर दिया। मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियों के बाद प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को संस्था की ओर से पारितोषिक वितरित किए गए। अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। अंत में जलपान एवं प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** संयुक्त संघर्ष मंच के आव्हान पर जिले के विभिन्न विभागों के संविदा अधिकारी-कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर अनूपपुर को मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे मांग रखी गई कि महंगाई भत्ता नियमित कर्मचारियों के समान सीपीआई इंडेक्स के आधार पर दिया जाए। अवकाश प्रावधान अर्जित एवं मेडिकल अवकाश की सुविधा दी जाए। संविदा नीति संशोधन धारा 9.86.2 एवं 11.5 को हटाया जाए। भर्ती प्रक्रिया 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ अनुभव अंक जोड़कर वरीयता दी जाए। योजना समाप्ति पर पुनर्नियुक्ति कर्मचारियों को समकक्ष योजना में समायोजित किया जाए। विसंगति निराकरण लंबित आवेदनों का एक माह में निपटारा हो। बीमा सुविधा प्रत्येक संविदा कर्मचारी का कम से कम 20 लाख रुपये का सामूहिक बीमा हो। अन्य सुविधाएँ शासकीय अवकाश, आवास भत्ता एवं समय-समय पर वेतन वृद्धि दी जाए। चिकित्सा पद स्वास्थ्य विभाग के संविदा पदों को नियमित किया जाए। ज्ञापन में डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत अन्य पदों की समकक्षता निर्धारण को मैट्रिक्स लेवल-6 में रखने की भी मांग की गई।

### घायल वृद्ध को वनविभाग ने दी सहायता राशि



**अनूपपुर।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र एवं तहसील अंतर्गत नगर परिषद डूमरकछार के पौराधार में विगत रात अपने शावक के साथ बांड़ी में लगे भुट्टा खाने आयी एक मादा भालू ने एक वृद्ध पर हमला कर घायल कर दिया,हो-हल्ला होने पर मादा भालू शावक के साथ जंगल की ओर चली गई भालू के काटने से घायल वृद्ध को बिजुरी से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर भर्ती किया गया है जहां उपचार चल रहा है घटना की सूचना पर वनविभाग कोतमा के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में घायल वृद्ध को प्रारंभिक सहायता राशि प्रदान की है। घटना के संबंध में वार्ड क्रमांक 1 पौराधार तहसील तथा वन परिक्षेत्र कोतमा निवासी आनंदराम यादव पिता बोधीराम यादव 51 वर्ष में बताया कि वह रविवार एवं सोमवार की मध्य रात्रि 2 बजे के लगभग अचानक उठकर बांडी की ओर गया तभी बांड़ी में लगे भुट्टे की फसल से कोई जानवर के भुट्टा की फसल को खाने की आहट मिलने पर हो-हल्ला किया इस बीच एक भालू उसके पास आकर हमला करते हुए बाएं हाथ में मुंह तथा नाखूनों से हमला कर घायल किया इस बीच भालू का एक शावक भी साथ था जो उसके कन्धे मे रखे कंबल को खींचकर नोचता रहा इस बीच हो- हल्ला करने पर मादा भालू अपने शावक को लेकर घर से कुछ दूर पर स्थित जंगल की ओर चली गई। हमले से घायल वृद्ध को परिजनों के द्वारा बिजुरी अस्पताल में ले जा कर उपचार कराया जहां प्रारंभिक उपचार बाद बेहतर उपचार हेतु चिकित्सक द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर में रेफर किए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा वृद्ध को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

# त्यौहार खत्म, पलायन शुरू: रोजगार के अभाव में डिंडौरी के युवा परदेस रवाना

मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले रक्षाबंधन पर्व के समापन के बाद जिले के बड़ी संख्या में बेरोज़गार युवक-युवतियां रोजगार की तलाश में अपना घर-परिवार छोड़कर दूसरे राज्यों का रुख कर रहे हैं।





डिंडौरी

हर साल की तरह इस बार भी त्यौहार के बाद युवाओं के प्रवासन की तस्वीर जिले के सामने आ खड़ी हुई है। सरकार की ओर से भले ही रोजगार उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है।

डिंडौरी जिले को बने कई दशक गुजर चुके हैं, लेकिन अब तक यहां औद्योगिक इकाइयों का अभाव है। जिले में न तो बड़े उद्योग स्थापित हुए और न ही व्यापारिक अवसर विकसित हो पाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिले में उद्योग और व्यवसाय के अवसर पैदा किए जाते तो आज हजारों युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ता।

मनरेगा योजना, जो ग्रामीण रोजगार का सबसे बड़ा आधार मानी जाती है, वह भी युवाओं की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। सीमित कार्य, अनियमित रोजगार और भुगतान में देरी जैसी समस्याओं ने इस योजना की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब स्थानीय स्तर पर मनरेगा का लाभ समय पर नहीं मिलता, तो मजबूरी में उन्हें दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है।

कहना गलत है होगा कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी इस समस्या को गहराई दे रही है। जिले में अब तक औद्योगिक विकास की ठोस योजना न बनना और बेरोजगारी को दूर करने की दिशा में ठोस पहल न करना, युवाओं के पलायन का बड़ा कारण बन चुका है।

बता दें कि रोजगार की तलाश में घर छोड़कर जाने वाले युवाओं के सामने सबसे बड़ा खतरा जान का भी है। हाल ही में जिले के दो युवकों की दूसरे राज्यों में काम करने के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। यह घटनाएं साफ़ दिखाती हैं कि बेहतर आजीविका की तलाश में घर छोड़ने वाले कई युवक-युवतियां अपनी जान भी गंवा बैठते हैं। सवाल यह है कि आखिर इन मौतों और इनके परिवारों की जिम्मेदारी कौन उठाएगा? बरहाल युवाओं के पलायन से जिले के सामाजिक और आर्थिक ढांचे पर असर पड़ रहा है। परिवारों के बुजुर्ग और महिलाएं गांव में रह जाते हैं, जबकि युवा श्रमिक के रूप में शहरों और दूसरे राज्यों में काम करने निकल जाते हैं। यह स्थिति जिले के भविष्य पर भी सवाल खड़े करती है।

# लापरवाही और देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे: कलेक्टर



डिंडौरी

कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई-केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज, खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएमओ नगर परिषद को सीएम हेल्पलाइन, ईकेवाइसी की प्रगति एवं लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार परिवहन अधिकारी डिंडौरी को सीएम हेल्पलाइन एवं नियमित रूप से यात्रीबसों में नियमित निरीक्षण, फिटनेस प्रमाण पत्र जांच कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को इे-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, सर्पदंश के प्रकरण एवं पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने समस्त जिला विभाग प्रमुख को निर्देशित करते हुए कहा की सभी अपना-अपना मासिक टूर कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय में जमा करें ताकि शासकीय योजनाओं के कार्यो में विकास व नियमित प्रगति लाई जा सके। साथ ही साथ यह भी कहा की मेरे निरिक्षण के दौरान भी वेरीफाई किया जायेगा कि टूर प्रोग्राम आपके द्वारा नियमित किया जा रहा है या नही।

कलेक्टर ने लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ बीईओ एवं बीआरसी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पदस्थापना करने के सहायक आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति की विस्तृत समीक्षा की। शिक्षा विभाग, डीपीसी, पीडब्ल्यूडी, बीईओ, में लंबित पेंशन प्रकरणों को तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर उचित जवाब देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के लंबित कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर को नियमित रूप से अवलोकन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों की संचालित ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की। और जिन विभागों के द्वारा ई-ऑफिस अभी चालू नहीं किया गया उन्हें शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के किसी भी चिकित्सालय में सर्पदंश के मरीज को बिना विलंब किए तुरंत उपचार किया जाए ताकि किसी प्रकार की घटना घटित न हो सके। फिर भी किसी डॉक्टर के द्वारा लापरवाही की जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। साथ ही समस्त सीईओ जनपद को निर्देश दिए कि अपने-अपने ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन कर सर्पदंश से बचाव, झाड़-फूंक से दूर रहने एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराने हेतु डॉक्टर का मोबाइल नम्बर लिखकर प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जिले में वनाधिकार समितियों को जिला मुख्यालय में बुलाकर बैठक लें और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए जाएं।



# जर्जर बिजली तार से बड़ी दुर्घटना का खतरा

डिंडौरी

अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवरी माल के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों पर जर्जर बिजली तारों से बड़ी दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग अमरपुर की लापरवाही का खामियाजा स्थानीय लोग और प्राथमिक शाला के मासूम बच्चे भुगत रहे हैं। गांव के पास लगे वर्षों पुराने बिजली तार पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार सुबह और शाम जब भी लाइन पर लोड बढ़ता है, तार टूटकर नीचे गिर जाते हैं। यही नहीं, ट्रांसफार्मर के ठीक पास प्राथमिक शाला स्थित है, जहां छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं और उन्हें कभी भी बिजली की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर 100 KVA क्षमता का है, लेकिन विभाग द्वारा मनमाने ढंग से 25 KVA क्षमता के तार लगाए गए हैं, जबकि यहां 80 KVA के तार लगाए जाने चाहिए थे।

इस मामले को लेकर जब विद्युत विभाग अमरपुर के जेई से बात की गई तो उन्होंने कहा कि "केवल तार सुधारने के लिए सामग्री ऊपर से मंगाई गई है, इसमें लगभग एक माह लग सकता है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या तब तक ग्रामीणों और छात्रों को इसी खतरे के साए में जीना होगा? यदि भविष्य में कोई अनहोनी होती है तो जिम्मेदार कोन होगा..?

ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल जर्जर तार बदलने या नए तार लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके। फिलहाल सभी की नजरें विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं और गांव के लोगों को उम्मीद है कि जल्द समाधान निकलकर बच्चों और ग्रामीणों को इस भय से राहत मिलेगी।



# चोरी के आरोपी के साथ गाड़ी खरीदने वाले पहुंचे सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

कोतमा पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई बाइक चोरियों का बड़ा खुलासा करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने रिमांड के दौरान पूंछतांछ कर 2 और बाइक बरामद करने में सफलता पाई है। कुल चोरी के 17 मोटरसाइकिल सहित 4 चेचिस भी बरामद हो सका। मामले में फरार चोरों एवं चोरी की गाड़ियों को खरीदने वाले आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी सैफ अहमद 24 वर्ष कोतमा, सरफराज उर्फ सरफरोज धनपुरी जिला शहडोल चोरी के वाहनों को खरीदने वाले हिस्ट्रीशीटर कबाडचोर बबलू उर्फ मुकेश जायसवाल निवासी बसखली तिराहा एवं मो कलाम को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## कबाड़ की आड़ में खप रही चोरी की गाड़ियां

बताया जा रहा है कि बसखली तिराहे के पास मुकेश जायसवाल उर्फ बबलू 35 वर्ष के द्वारा कबाड़ दुकान की आड़ में पिछले कई वर्षों से चोरी के समान एवं गाड़ियां खरीदने का कार्य किया जा रहा था। आरोपी के खिलाफ कोतमा एवं भालूमाड़ा में आधा दर्जन चोरी के मामले दर्ज है जो कई बार जेल भी जा चुका है।बबलू जायसवाल के कबाड़ अड्डे से चोरी की 4 गाड़ियों सहित चार चेचिस कीमती 3 लाख का माल बरामद किया गया। आसपास के थानो की पुलिस भी गाड़ियों एवं चोरों की पहचान हेतु कोतमा थाना पहुंच रही है।

## इनका कहना है

रिमांड के दौरान 2 और गाड़ियां भी बरामद की गई। फरार चोर एवं सामान खरीदने वालों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# कलेक्टर ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला अधिकारियों को सौंपा सतत निरीक्षण एवं निगरानी का दायित्व

डिंडौरी

जिले में संचालित समस्त शासकीय छात्रावासों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मारव्या ने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने कार्य के साथ-साथ निरीक्षण के दौरान छात्रावासों का भी सतत निरीक्षण करें तथा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे भोजन, पेयजल, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, अध्ययन सामग्री एवं विद्युत आपूर्ति, पलंग चादर, खिडडियों में जाली इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि निरीक्षण केवल औपचारिकता न होकर नियमित और गंभीरता से किया जाना चाहिए, जिससे छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि निरीक्षण प्रतिवेदन माह के अंत में नियमित समीक्षा की जाएगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी छात्रावासों की वास्तविक स्थिति को समझें, विद्यार्थियों से संवाद करें और यदि किसी भी प्रकार की कमी या समस्या सामने आएं, तो उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।



कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि छात्रावासों की व्यवस्था सुधारना प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है, क्योंकि यह बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माहौल से सीधे जुड़ा हुआ विषय है।

कलेक्टर ने समस्त निरीक्षण नोडल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन छात्रावासों में पानी, शौचालय, भवन मरम्मत, विद्युत, खिडकियों में जाली लगाना, सीसी कैमरा, आदि समस्याएं निरीक्षण के दौरान कमी पाई जाने वाले संबंधित छात्रावास अधीक्षक एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से समन्वय बनाकर छात्रावास को सुव्यवस्थित किया जाए। जिन छात्रावास अधीक्षकों को बार-बार निर्देश देने के बावजूद भी कार्य में लापरवाही बरती जाती है उन पर कार्यवाही करने के सहायक आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त छात्रावास अधीक्षक और जांचकर्ता अधिकारी को निर्देश दिए कि आप के क्षेत्र अधिकार के अंतर्गत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित नल-जल योजना का कनेक्शन जिन छात्रावासों में पानी की समस्या आती है उनमें कनेक्शन लगाया जाए, जिससे बच्चों को पानी की समस्या न हो सके। छात्रावास में निवासरत बालक-बालिकाओं को गुणवत्तायुक्त मीनू के अनुसार पौष्टिक आहार भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिन छात्रावासों की पहुंच मार्ग कच्चा रास्ता को सुरक्षित पक्की सडक सहायक आयुक्त को बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुख को अपने विभागीय टूर प्रोग्राम में निरीक्षण दौरा में रास्तें में आने वाले शैक्षणिक संस्थाओं का भी निरीक्षण करें ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### झौंतेश्वर अस्पताल शुरू होने का आदिवासी कर रहे इंतजार



**गोटेगांव।** समीपवर्ती परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर में 20 साल से अधिक समय से सरकारी अस्पताल खुलने के लिए भवन का निर्माण हो चुका है। यह भवन बिना उपयोग के भी अस्त व्यस्त हो चुका है। इस भवन में 30 बिस्तर का अस्पताल खोलने के लिए विधायक महेन्द्र नागेश के प्रयास से स्वास्थ्य मंत्री ने मंजूरी प्रदान की है। मगर यह अस्पताल भवन कब खुल पाएगा और इसके जरिए यहां के आदिवासियों को कब से स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होने लगेगी, इस संबंध में कुछ स्पष्ट नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार ने अवश्य उक्त भवन में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की घोषणा की है, यहां के आदिवासियों ने विधायक से अपेक्षा की है कि वह जल्द ही झौंतेश्वर के निर्मित भवन में स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराने की दिशा में पहल करें। ताकि यहां के आदिवासियों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सके।

### विनोद सोनी का स्वर्गवास



**गोटेगांव।** विगतदिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी पथरिया कुआं स्थित गोरादेवी वार्ड निवासी पूरन लाल सोनी के सुपुत्र कांग्रेस प्रवक्ता विनोद सोनी का अचानक हृदयगति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया, आप प्रमोद कुमार सोनी राजेंद्र कुमार सोनी मनोज कुमार सोनी के भाई एवं सजल सोनी के पिता श्री थे। आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे,आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने मुक्ति धाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्री सोनीजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकरशोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की है।

### श्रीमती विमला बाई का स्वर्गवास



**गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक श्री नोकेलालजी पगारे की धर्मपत्नी एवं एल.आई.सी अभिकरता धर्मेंद्र पगारे गुड्डा, अशोक पगारे की परमपूज्य माताजी श्रीमती विमला बाई पगारे का आकस्मिक निधन हो गया है आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आप के निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों व व्यापारियों ने शामिल होकर स्थानीय मुक्तिधाम में दाहसंस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्रीमती विमला बाई कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पितकर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोकसंवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## राजमार्ग चौराहे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

# अनियंत्रित होकर पलटा पाइप से भरा ट्रक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले का सबसे बड़ा सड़क हाइवे चैराहा प्रशासन की अनदेखी के कारण हादसों का केन्द्र बनता जा रहा है। राजमार्ग चैराहे पर आए दिन गाड़ियां पलटने की सूचना मिलती रहती है जान माल का खतरा बना रहता है राजमार्ग चैराहे पर घुमाव लेते हुए पलट जाती हैं जिसे दुर्घटना होने का खतरा हमेशा बना रहता है वही चैराहे पर रोड के किनारे लगी हुई दुकानों पर लगी हुई भीड़ कब हादसा बन जाए हमेशा खतरे का अंदेशा बना रहता है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन को जानकारी दी जा चुकी है लेकिन कोई स्थाई हल नहीं निकाला गया है।

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक

नेशनल हाईवे 44 और 45 के जंक्शन पर लगातार हादसे हो रहे हैं। इन हादसों की वजह स्थानीय लोग कर्व प्रोटेक्शन की अधिक लंबाई को बता रहे हैं। हाल ही में एक और हादसा हो गया। जबलपुर की तरफ से आ रहा पाइप लदा ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि पाइपों को बंधी गई जंजीर टूटी नहीं अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन 2 दिन तक यातायात में असुविधा हुई। यह



जंक्शन कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाने वाले हाईवे का हिस्सा है। यह स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर में भी शामिल है। स्थानीय लोगों और सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों ने चौराहे की डिजाइन में कई खामियां बताई हैं। चौराहे का कर्व सही नहीं होने से भारी वाहनों के चालकों को गति नियंत्रित करने में परेशानी होती है।



### प्रशासन की अनदेखी बनी वजह

राजमार्ग चौराहे पर जबलपुर से आ रहा पाइप से लदा ट्रक एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर और हेल्पर को मामूली चोटें आईं, जिन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुआतला थाना प्रभारी बी.एल. त्यागी ने बताया कि राजमार्ग चौराहे के पास दुकानों की अधिक संख्या और यातायात नियमों का उल्लंघन इस तरह की दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि बार-बार समझाने के बावजूद लोग नियमों का पालन नहीं करते, जिससे ऐसे हादसे होते रहते हैं। हादसे के बाद ट्रक संचालक ने तुरंत क्रेन मंगवाई और वाहन को सीधा करने का काम शुरू किया गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और ना ही कोई जनहानि हुई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर देती है।

### रेडियम रिफ्लेक्टर लगाकर कर रहे अलर्ट

प्रशासन को चाहिए की भोपाल और जबलपुर की तरफ स्पीड रेड्यूसर लगाए जाए तथा कर्व स्टोन प्रोटेक्शन का मौजूदा 300 फीट व्यास कम किया जाए। पिछले 6 महीने में यहां 5 बड़े हादसे हो चुके हैं। 20 जुलाई 2025 को भोपाल से आ रहा एक कंटेनर पलट गया था। इस हादसे में शिवम मेहरा और श्रीकांत विश्वकर्मा की मौत हो गई थी। नीतेश साहू गंभीर रूप से घायल हुआ था। अन्य तीन हादसों में भी कई लोग घायल हुए। सुआतला थाना प्रभारी बीएल त्यागी ने बताया कि हाईवे किनारे लगी जाली को तोड़कर स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है और दुकानों बना ली हैं, हमलोग प्रयास कर रहे हैं कि वहां रेडियम रिफ्लेक्टर आदि लगवाकर राहगीरों को अलर्ट कर रिफ्लेक्टर आदि लगवाकर राहगीरों को अलर्ट कर सकें ताकि भविष्य में दोबारा ऐसे हादसे ना हो सकें।

## नए भारत की थीम के साथ मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा एवं शासकीय हाईस्कूल व माध्यमिक खापा शेढ़ में 79वां स्वतंत्रता दिवस नए भारत की थीम पर हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। प्रातः विद्यार्थियों के साथ मिलकर शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकाली। बालिका छात्रावास का ध्वजारोहण सेवा निवृत होने जा रहे वरिष्ठ शिक्षक हिंदी व्याख्याता पीएस किनकर, बालक छात्रावास में संकुल प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने तिरंगा फहराया। विद्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती आरती सुरेंद्र पटेल ने ध्वजारोहण किया। शासकीय हाई स्कूल में खापा से सरपंच रूपलाल ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना नृत्य से की गई। । सैकड़ों की संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। छात्रा छात्राओं ने अनेकों रंगारंग, मनमोहक एवं प्रेरणादायक देशभक्ति नृत्य, सज रही मैया लोकगीत गीत, आदिवासी नृत्य, भाषण, शायरियां आदि की प्रस्तुतियां दी, इन्हें देखकर सभी दर्शक खुशी से झूमे और देशभक्ति की भावना से भर गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां विद्यालय शिक्षकों शंकर राजभर, रूपेंद्र पाटकर, शायना उस्मानी एवं रक्षा चैरसिया ने कराई। इस दौरान मंच संचालन राजेश सिगोटिया व तरुवर पटेल ने किया। इन्होंने विद्यालय में नए भारत थीम का उद्देश्य, शासकीय योजनाओं, विद्यालय के गत वर्ष की उपलब्धियों और इस वर्ष की रूपरेखा आदि का संक्षिप्त विवरण अभिभावकों व अतिथियों के सामने रखा। सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र पटेल ने विद्यालय में फर्शिकरण एवं पेपर ब्लॉक लगाने की घोषणा की। अतिथियों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिभागियों को इनाम स्वरुप राशियां दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों पंडित बृज भूषण बाजपेई, पूर्व सरपंच शंकर लाल प्रजापति, पूर्व प्राचार्य मनीराम नागौतीया, पीटीए अध्यक्ष नूरसिंह यादव, पत्रकार सुरेश गिरधोनिया व ज्ञानेश्वर नामदेव, जनपद प्रतिनिधि राजपूत, गैस एजेंसी संचालक महेश स्वामी, ग्राम पंचायती पंच स्वामी आदि की उपस्थिति रही।

## विभाग स्तरीय समूह खो-खो में नरसिंहपुर विजेता



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस सरस्वती शिक्षा परिषद् जबलपुर की कार्ययोजनानुसार पनागर में आयोजित विभाग स्तरीय किशोर वर्ग समूह क्रीड़ा प्रतियोगिता खो-खो में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर ने विजेता का स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी गई। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष निरंजन सिंह पटैल व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार द्वारा व अभिभावक मूलचंद सेन, शरद गुप्ता, संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, आचार्य परिवार छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। प्रतिभागियों की सफलता विद्यालय प्रबंध समिति प्राचार्य, प्रधानाचार्य क्रीड़ा प्रभारी जितेन्द्र पटैल, विवेक कहार, शिवानी लोधी एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### संविदा कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस संविदा संयुक्त संघर्ष मंच ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार की घोषणाएँ और हकीकत का फासला काफी लंबा होता नजर आ रहा है। 4 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा संविदा कर्मियों को लेकर बड़े-बड़े ऐलान किए गए। इसके बाद 22 जुलाई 2023 को वित्त विभाग ने संविदा नीति 2023 जारी की। इस नीति ने संविदा कर्मचारियों को उम्मीद की एक नई किरण दी थी कि अब उनका भविष्य सुरक्षित होगा, लेकिन साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बड़ी संख्या मे संविदा कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अलग - अलग स्थानों पर महिलाओं ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी बाई पति लक्ष्मण पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी चिनकी उमरिया द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। वही दूसरी घटना में सरिता पति राजेश ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी विपतपुरा थाना स्टेशनगंज द्वारा अपने ही घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। दोनो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।



### मंडलम सेक्टर के अध्यक्षों की बैठक संपन्न

तेंदूखेड़ा विगत दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा द्वारा मण्डलम सेक्टर कांग्रेस अध्यक्षों एवं पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक पूर्व विधायक कार्यालय राजमार्ग पर आयोजित की गई। जिसमें संगठनात्मक अनेक विषयों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा की गई । बैठक में पूर्व विधायक संजय शर्मा नरेन्द्र राजपूत ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल सहित सभी मण्डलम सेक्टर अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

## जांच करने पहुंचे शिक्षा अधिकारी के सामने शिक्षक ने स्वयं स्वीकारी अपनी गलती



**तेंदूखेड़ा।** विगत 15 अगस्त को प्राथमिक शाला विजोरा में ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज ना उतारने दो दिन बाद 17 अगस्त को एक महिला के माध्यम से ध्वज उतरवाये जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।यह विषय सोशल मीडिया के साथ प्रिंट मीडिया ने प्रमुखता से लिया जिसे लेकर 18 अगस्त को विकास खंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य को साथ मौके पर पहुंचे और स्कूल पहुंचे गांव वालों के बीच वस्तु स्थिति का जायजा लिया। स्वयं दोषी प्रधान पाठक नरेश कुमार मेहरा ने कुछ कारण को बताते अपनी गलती को भी स्वीकार कर लिया है लेकिन मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने स्कूल की अव्यवस्थाओं की अधिकारियों के सामने चुप्पी टूटी और व्याप्त विसंगतियों को उजागर कर दिया।

### पंचनामा बनाकर ले गये होगी कार्रवाई

मौके पर पहुंचे विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी ने स्पष्ट किया कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विषय जब सामने आया वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मिले दिशा निर्देश के उपरांत बिलहरा संकुल प्राचार्य को साथ लेकर यहां पर आये है। निश्चित तौर पर यह विषय काफी गंभीर है और ग्रामीण तथा बच्चों के पालकों द्वारा जो भी बताया जा रहा है।शिक्षक की गतिविधियों से लगभग हर वर्ग परेशान हैं। पंचनामा बनाकर उपस्थित पक्षों के कथन लेकर वस्तु स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा जो भी तथ्य निकलकर सामने आयेंगे उस आधार पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

11 बच्चों में उपस्थित मिले 5 बच्चे

### पहली दूसरी और चौथी में बच्चे ही नहीं

जांच के दौरान एक और विषय सामने निकल कर आया है कि यहां पर कुल 11 बच्चे ही दर्ज हैं। लेकिन मौके पर मात्र पांच बच्चे ही स्कूल में उपस्थित मिले। सोचनीय विषय तो यह सामने आया कि यहां पर कक्षा पहली दूसरी और चौथी कक्षा में एक भी छात्र नहीं है। कक्षा तीसरी में पांच और कक्षा पांचवीं में छ बच्चे दर्ज हैं। विसंगति के बीच विसंगति पूर्ण स्तिथि यह और सामने आई कि यहां पर सभी छात्र एक साथ साथ बैठते हैं।दो शिक्षक पदस्थ हैं।केवल एक ही शिक्षक नियमित रूप से आते हैं।वही पढ़ाते हैं।वाकी आंगनवाड़ी भी इसी प्राथमिक शाला में लगा करती है।

### चटनी की तरह मिलती है सब्जी

जांच पड़ताल के दौरान मध्यान्ह भोजन का भी विषय सामने निकल कर आया यहां पर उपस्थित बच्चों को केवल सब्जी रोटी ही आती है मीनू के हिसाब से भोजन नहीं आता बल्कि सब्जी



छोटे से डिब्बे में आई थी जो चटनी की तरह बट जाती है।

### पढ़ते है मजदूरों के बच्चे

एक और विषय सामने यह निकलकर सामने आया है कि यहां पर केवल गरीब मजदूरों के ही बच्चे पढ़ते हैं।पहले 28 बच्चे अध्ययन किया करते थे लेकिन विसंगति पूर्ण स्तिथि के चलते लोगों ने अपने अपने बच्चों को यहां से निकाल लिया है। सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि एक तरफ शासन अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए आये दिन नित नई योजनाओं के माध्यम से शाला भेजने प्रेरित कर रही है और यहां बच्चों को स्कूलों से बाहर निकाल रहें हैं।

## यातायात प्रभारी अधिकारी ने की चालानी कार्यवाही




**तेंदूखेड़ा।** स्कूली छात्र छात्राओं को स्कूल लाने ले जाने के दौरान अधिकृत वाहनों में आवश्यक सुरक्षा और नियमों को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को यातायात प्रभारी अधिकारी श्रीमती ममता तिवारी के द्वारा तेंदूखेड़ा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया जिसके तहत स्कूल के समय आवश्यक सुरक्षा उपकरण तथा वाहनों की फिटनेस वाहनों के कलर फिटनेस और फिर नंबर प्लेटों के कलर नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एक चालान फिटनेस का पांच हजार समन शुल्क तथा एक नंबर प्लेट का समन शुल्क पांच सौ रुपए के अर्थदंड वसूला गया।बाहन चालकों को हिदायत दी गई है कि सभी बाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। माननीय कलेक्टर महोदया ने भी बगैर हेलमेट बाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ना देने संबंधी आदेश भी जारी किए गए हैं। चूंकि यह विषय जीवन मूल्यों से जुड़ा हुआ है।आदमी की जिंदगी महत्वपूर्ण है और उसे सुरक्षा के साथ सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों को ताक पर रखकर बाहन चलाने वाले तथा विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में यह स्थिति बनीं हुई है आज उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए प्रत्येक बाहन चालकों को सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करते हुए विशेष रूप से वाइक चालकों को धीमी गति के साथ हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाना चाहिए।

## श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति चुनाव संपन्न

**गोटेगांव। विगतदिवस श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में कार्यकारिणी समिति के चुनाव में हुए मतदान में दिनभर जमकर गहमागहमी बनी रही। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति चुनाव में कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया। इनमें से 11 विजयी प्रत्याशियों की समिति बनेगी।**



मुख्य चुनाव अधिकारी एन.सी जैन सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल चंद जैन एवं अंकित जैन ने बतलाया कि कुल मतदाता 254 है। मतदान में 246 मतदाताओं ने अपना मतदान कर आने वाले तीन वर्षों के लिए मंदिर समिति की ज़िम्मेदारी नव निर्वाचित 11 सदस्यों को दी।चुनाव में पूरी पारदर्शिता रखते हुए मतदान के बाद आठ राउंड तक हुई मतगणना के उपरांत विकास बड़कुर, पंकज जैन अनुपम माल, चक्रेश जैन , पंकज जैन रामनिवारी, सचिन चिन्नू , डा.अनिल जैन, दीपक सेठ, सचिन टीटू, संदीप जैन विद्या, सिघंई संजय जैन, एवं संजय जैन अरिहंत, को विजयी घोषित किया गया। चुनाव संपन्न होने के उपरांत सभी विजयी प्रत्याशियों ने मंदिर में जिनेन्द्र भगवान के दर्शन किए। इसके बाद 1008श्री शांतिनाथ जिनालय के आचार्य विद्यासागर सभागार में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी महाराज के चरणों में नमोस्तु कर आशीर्वाद ग्रहण किया। मंदिर समिति में जीत का हार पहने प्रतिनिधियों ने बताया कि चुनाव का मुख्य उद्देश्य मंदिर की प्रबंधन व्यवस्था सुचारू रूप से चलाना एवं सभी जैन भाइयों को जैन धर्म सिद्धांतों से जोड़ना है। पंचायती मंदिर समिति के निवृत्तमान अध्यक्ष एवं जिला जैन सभा के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने सभी नवनिर्वाचित समिति सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए मंदिर एवं समाज हित में कार्य करने की बात कहीं।